Title: Need to provide adequate funds for attending to the problem of water-logging in Phulpur Parliamentary constituency because of river Baruna.

श्री धर्म राज सिंह पटेल (फूलपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं अपने फूलपुर संसदीय क्षेत्र, जनपद इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी समस्या बरुना नदी की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। बरुना नदी फूलपुर से वाया जिला भदोही से होकर वाराणसी तक जाती है। बरुना नदी में जल भराव के कारण फूलपुर संसदीय क्षेत्र के लगभग सैकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में रहते हैं तथा हजारों एकड़ जमीन पर बारहों महीने खेती नहीं हो पाती। जिला कलेक्टर, इलाहाबाद द्वारा इस बरूना नदी का सर्वे कराया जा चुका है जिसकी सर्वे रिपोर्ट उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को भी भेज दी गई है परन्तु धन के अभाव के कारण सैकड़ों गांवो में लोगों को अपनी खेती न करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

मैं, अपनी सांसद निधि से भी बरुना नदी की सफाई के लिए धन देने की स्वीकृति जिलाधिकारी, इलाहाबाद को कर चुका हूं। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि बरुना नदी की सफाई के लिए राज्य सरकार को धन उपलब्ध कराने तथा बरुना नदी की सफाई कराने का कट करें। धन्यवाद।

(इति)